>

Title: Need to restart the Cotton Mills again in the Nagina Parliamentary Constituency and make the due payments to its workers.

श्री गिरीश चन्द्र (**नगीना**): अध्यक्ष जी, आप ने मुझे अपने संसदीय क्षेत्र नगीना से संबंधित विषय को शून्य काल में रखने को मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र नगीना में सहकारी कताई मिल सन् 1989 में बनी थी और वर्ष 2000 में वह बंद हो गई । उसके बाद इस मिल में कार्यरत कर्मचारियों को मिलने वाली समस्त भुगतान संबंधी राशि आज तक नहीं दी गई है । उन कर्मचारियों में से कुछ कर्मचारियों की मौत भी हो चुकी है ।

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि कर्मचारियों को अविलंब उनकी रुकी हुई राशियों का भुगतान किया जाए । साथ ही सरकार पुरानी बंद पड़ी इस मिल को पुन: चालू करने के लिए यथोचित प्रबंध करे, जिससे रोजगार के सृजन के साथ-साथ ग्रामीण पलायन रोका जा सके । यदि कोई तकनीकी कारण से बंद पड़ी मिलें चालू नहीं हो सकती हैं तो वहां पर सरकार एक एम्स हॉस्पिटल की स्थापना करे, तो मैं आपका आभार प्रकट करना चाहूंगा ।…(व्यवधान)

महोदय, किसानों की फसल बारिश और ओला वृष्टि से बर्बाद हो गई है । मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि किसानों को उस फसल का मुआवजा मिले और उन पर जो ऋण है, जो उनकी वसूली है, वह रुक जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री मलूक नागर को श्री गिरीश चन्द्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।